समाचार

राजस्व वसूली अभियान

01 फरवरी को इन वार्डो में लगेंगे राजस्व वसूली शिविर

(11 दिनों में 97 लाख 78 हजार रू. बकाया कर राशि शिविरों में जाकर जमा कराई करदाताओं ने)

कोरबा 30 जनवरी 2021– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, 05 प्रतिशत जलकर, जलकर, दुकान एवं भवन किराया आदि की बकाया राशि की वसूली हेतु निर्धारित कार्ययोजना अनुसार **01 फरवरी को** वार्ड क्र. 11 अग्रोहा चौक मेन रोड, वार्ड क्र. 16 चारपारा सामदुायिक भवन, वार्ड क्र. 27 रामनगर नवधा पण्डाल, वार्ड क्र. 31 खरमोरा सामुदायिक भवन नीम चौक, वार्ड क्र. 41 परसाभांठा कांजी हाउस, वार्ड क्र. 51 लाटा स्कूल के समीप, वार्ड क्र. 62 गेवरा चौक, वार्ड क्र. 66 शांतिनगर सामुदायिक भवन में शिविर लगेंगे। निगम के सम्पत्तिकर अधिकारी श्रीधर बनाफर ने बताया कि 11 दिनों में विभिन्न वार्डो में लगाए गए राजस्व वसूली शिविरों के माध्यम से 97 लाख 78 हजार रूपये के करों की वसूली की गई है, उन्होने बताया कि करदाता इन शिविरों में पहुंच रहे हैं तथा बकाया कर राशि का भुगतान निगम को कर रहे हैं।